# रेलटेल गतिविधियाँ

चौदहवां अंक
अप्रैल से जून, 2022

## श्रीमती अरुणा सिंह, अपर सदस्य (टेलीकॉम), रेलवे बोर्ड ने सीएमडी/रेलटेल का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया



11 मई 2022 को श्री संजय कुमार, निदेशक/एनपीएम/रेलटेल, श्रीमती अरुणा सिंह, सीएमडी/रेलटेल को पौधा पॉट देकर स्वागत करते हुए।



श्रीमती अरुणा सिंह, पदभार ग्रहण करने के पश्चात कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए। उन्होंने कहा कि रेलटेल वास्तव में व्यवसाय के लिहाज से अच्छा कार्य कर रही है और मुझे विश्वास है कि यह टीम "ग्राहक पहले" दृष्टिकोण के साथ गति को जारी रखने में सक्षम होगी। हमारी सेवाओं की समय पर डिलीवरी और परियोजनाओं का निष्पादन भारत के प्रमुख दूरसंचार/आईसीटी खिलाड़ियों के बीच आरसीआईएल के ब्रांड नाम को मजबूत करेगा। आरसीआईएल देश में हो रहे डिजिटल बदलाव में सबसे आगे रहेगा।

## पी एम-वानी का शुभारम्भ





09 मई 2022 को रेलटेल ने आज 100 रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री वाई–फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI) योजना की शुरुआत की, जो रेलटेल की सार्वजनिक वाई–फाई सेवाओं की एक्सेस पर आधारित है। इस अवसर पर सीएमडी/रेलटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस योजना पर विचार विमर्श करते हुए।

# रेलटेल, एन.आई.सी और एन.आई.सी.एस.आई के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन



10 मई 2022 को रेलटेल, एनआईसी और एनआईसीएसआई ने उपयोगकर्ता संगठनों को वन–स्टॉप प्रबंधित एंड–टू–एंड एनआईसी के ई–ऑफिस और स्पैरो सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन उपयोगकर्ता संगठनों में एनआईसी के ई–ऑफिस और स्पैरो सेवाओं के प्रभावी रोल आउट की सुविधा प्रदान करेगा।

# रेलटेल के निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन



24 मई 2022 को रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। निदेशक मंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। जिनमें प्रमुख रुप से वित्तीय वर्ष 2021–22के दौरान दर्ज की गयी 1628 करोड़ रुपए की अब तक की उच्चतम समेकित आय का अनुमोदन किया गया।

# आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में मेगा शो





9 जून 2022 को गांधीनगर, गुजरात में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए "राष्ट्र निर्माण और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम" विषय के साथ "आजादी का अमृत महोत्सव मेगा शो" का उद्घाटन किया। इस मेगा शो में रेलटेल ने एक स्टाल लगाकर प्रदर्शनी में भाग लिया जहां इसकी सेवाओं और परियोजनाओं को दर्शाया गया है। चित्रित परियोजनाओं में शामिल की गयी : स्टेशन वाई–फाई परियोजना, अस्पताल प्रबंधन जानकारी प्रणाली, रेलवे प्रदर्शन नेटवर्क और वीडियो निगरानी प्रणाली।

# क्षेत्रीय महाप्रबंधकों का सम्मेलन





13–14 अप्रैल 2022 को विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लेने के लिए दिल्ली में क्षेत्रीय महाप्रबंधकों एवं कॉर्पोरेट कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता सीएमडी/रेलटेल ने की तथा रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने मार्ग दर्शन भी किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस





"विश्व पर्यावरण दिवस" उत्सव श्रृंखला के एक भाग के रूप में, दिनांक 31 मई 2022 को रेलटेल के सभी कार्मिको के लिए, श्री बी के पीयूष, निदेशक, ब्रह्मा कुमारी संस्थान द्वारा "प्रकृति के साथ सद्भाव में रहना" विषय पर एक विशेष वार्ता का आयोजन किया गया।









25 मई 2022 को स्लोगन लेखन एवं लोगो की ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय के 79 कार्मिको ने सहभागिता की। कॉर्पोरेट कार्यालय के सभी अधिकारीयों/कर्मचारियों को पौधा पॉट देकर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया तथा दिनांक 3 जून 2022 को रेलटेल परिसर, गुरुग्राम में सीएमडी श्रीमती अरुणा सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल टेरिटरी कार्यालयों का निरीक्षण





29 अप्रैल 2022 को माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल चंडीगढ़ टेरिटरी के राजभाषा सम्बन्धी निरीक्षण के अवसर पर श्रीमती रुचिरा चटर्जी, महाप्रबंधक/सतर्कता ,प्रशासन एवं सुरक्षा तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी/रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय और श्री पुष्पेंद्र कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक चंडीगढ़ टेरिटरी, माननीय समिति की संयोजक श्रीमती (डॉ) रीता बहुगुणा जोशी एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए।





17 मई 2022 को माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल चेन्नई टेरिटरी राजभाषा सम्बन्धी निरीक्षण के अवसर पर श्रीमती प्रतिभा यादव, महाप्रबंधक चेन्नई टेरिटरी एवं श्रीमती रुचिरा चटर्जी, महाप्रबंधक / सतर्कता, प्रशासन एवं सुरक्षा तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी/रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय, माननीय समिति की संयोजक श्रीमती (डॉ) रीता बहुगुणा जोशी का स्वागत करते हुए।

# रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय में कोविड बूस्टर डोज़ शिविर




24 जून 2022 को रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय में कोविड बूस्टर डोस कैंप का आयोजन किया गया जिसमे रेलटेल के 49 कार्मिको को बूस्टर डोज़ दी गयी।

# रेलटेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 का आयोजन












21 जून 2022 को रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्मिक योग शिक्षिकों के पर्यवेक्षण में योग अभ्यास करते हुए तथा सीएमडी/रेलटेल, श्रीमती अरुणा सिंह, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 पर रेलटेल परिवार को योग का महत्व एवं उपयोगिता विषय पर संबोधित करते हुए।

# आलोच्य तिमाही के दौरान रेलटेल की उपलब्धियां

रेलटेल को ओडिशा सरकार से उनके मौजूदा ओडिशा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (OSWAN) के उन्नयन के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर डिफाइन वाइड एरिया नेटवर्क (SDWAN) तकनीक का उपयोग करते हुए, पुराने और गतायु उपकरणों के प्रतिस्थापन के साथ, माध्यमिक के प्रावधान, बैंडविड्थ और पांच वर्ष के OSWAN का अनुरक्षण का 122.08 करोड़ रुपये का ऑर्डर प्राप्त हुआ।

सुरक्षित शहर परियोजना : दिल्ली पुलिस के सेफ सिटी प्रोजेक्ट को बढ़ावा देगा रेलटेल, सीसीटीवी निगरानी के लिए 220.55 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। दिल्ली में महिला सुरक्षा बढ़ाने के प्रयास के तहत आर्टिफिशियल इंटेलेजेंस का सहारा लिया जा रहा है। इस कड़ी में रेलटेल के सहयोग से तीन फेज में काम किया जाएगा।

# सीएमडी श्री पुनीत चावला का विदाई समारोह







10 मई 2022 को रेलटेल में प्रतिनियुक्ति कार्यकाल पूरा करने पर श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल को कार्यभार मुक्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक/एनपीएम श्री संजय कुमार एवं निदेशक/वित्त श्री ए के सिंह, उन्हें भावभीनी विदाई के साथ पौधा पॉट एवं समृति चिन्ह प्रदान करते हुए। इस अवसर पर रेलटेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# अभिनन्दन



श्री डॉ. चन्द्रमणि शर्मा (आईएसएस) ने रेलटेल में मुख्य सतर्कता अधिकारी (कॉर्पोरेट कार्यालय) का पदभार ग्रहण किया।



श्री दिनेश शुक्ला (आईआरएसएमई) ने रेलटेल में कार्यपालक निदेशक/सी सी (कॉर्पोरेट कार्यालय) का पदभार ग्रहण किया।

## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
### (भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)



**कॉर्पोरेट कार्यालय** : प्लेट–ए, छठा तल, ऑफिस ब्लॉक, टॉवर–2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
दूरभाष : +91–11–22900600, फैक्स :+91–11–22900699, वेबसाईट : www.railtelindia.com

रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित